**अभ्यास प्रश्न पत्र - 2023**

**कक्षा- 10 वीं** **SET – C**

**विषय- सामाजिक विज्ञान**

**समय-3:00 घंटे** **पूर्णांक-75**

**निर्देश :-**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिसमें सही विकल्प 6 अंक, रिक्त स्थान 6 अंक, सही जोड़ी 6 अंक, सत्य/असत्य 6 अंक एक शब्द / वाक्य में उत्तर 6 अंक, के प्रश्न होंगे।

(iii) प्रश्न क्र. 6 से 23 तक के सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(iv) प्रश्न क्र. 6 से 17 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक आंवटित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द हैं ।

(v) प्रश्न क्र. 18 से 20 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 03अंक आंवटित हैं। शब्द सीमा 75 शब्द हैं ।

(vi) प्रश्न क्र. 21 से 23 तक विश्लेष्णात्मक प्रश्न हैं। प्रश्न के लिए 04 अंक आंवटित हैं। शब्द सीमा 120 शब्द हैं ।

(vii) प्रश्न क्र. 23 भारत के मानचित्र पर आधारित प्रश्न हैं प्रश्न के लिए 04 अंक आंवटित हैं।

(viii) प्रश्न क्र. 23 को भारत के मानचित्र में दर्शाकर उत्तर पुस्तिका में संग्लग्न कीजिए ।

1) **सही विकल्प का चयन कीजिए :-** **(1*6)**

(i) किस राज्य में संयुक्त वन प्रबंधन का पहला प्रस्ताव पास किया -

(अ) बिहार (ब) छत्तीसगढ़

(स) ओड़ीसा (द) महाराष्ट्र

(ii) भारत में बैंक जमा का कितने प्रतिशत भाग नगद के रूप में अपने पास रखते है-

(अ) 100% (ब) 15%

(स) 20% (द) 25%

(iii) निम्नलिखित में से किस नदी पर बहुउद्देशीय नदी परियोजना नहीं है-

(अ) चम्बल (ब) महानदी

(स) नर्मदा (द) यमुना

(iv) जब फ्रांस छींकता है तो बाकि यूरोप को सर्दी जुकाम हो जाता है |" यह कथन है-

(अ) बिस्मार्क (ब) मैटरनिख

(स) दिदरी (द) नेपोलियन

(v) सिंहली को श्रीलंका में राजभाषा कब घोषित किया गया ?

(अ) 1980 में (ब) 1975 में

(स) 1965 में (द) 1956 में

https://www.mpboardonline.com

(vi) लोकतंत्र में निर्णय लेने और क्रियान्वयन में देरी क्यों हो जाती है ?

(अ) सरकार फैसले लेने से डरती है |

(ब) सरकार निर्णय लेने में रूचि नहीं रखती |

(स) लोकतंत्र में निर्णय विचार विमर्श से तथा सोच समझकर लिए जाते हैं |

(द) उपर्युक्त सभी

2) **रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिये-** **(1*6)**

(i) ____के नेतृत्व में जर्मनी का एकीकरण पूर्ण हुआ |

(ii) सत्ता की साझेदारी ______ की आत्मा है |

(iii) भारत विश्व में _______ का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता देश है |

(iv) 2019 के आकड़ों के अनुसार विश्व में मानव विकास सूचकांक में भारत का क्रमांक ______है |

(v) _______क्षेत्रक को औद्योगिक क्षेत्रक भी कहा जाता है |

(vi) ठोस पदार्थों को तरल अवस्था में परिवर्तित कर _____द्वारा ले जाया जाता है |

3) **निम्नलिखित की सही जोड़ियाँ बनाइये: -** **(1*6)**

| | **(अ)** | | **(ब)** |
|---|---|---|---|
| i. | रोलेट एक्ट | (क) | कांडला |
| ii. | भारत में वैश्वीकरण | (ख) | शिक्षा |
| iii. | निजी क्षेत्रक | (ग) | 1991 |
| iv. | समवर्ति सूची | (घ) | 919 |
| v. | ज्वारीय पत्तन | (ड़) | 1919 |
| vi. | भारत में लिंगानुपात | (च) | टिस्को |

4) **निम्नलिखित प्रश्नों में सत्य/असत्य लिखिए** - **(1*6)**

(i) भारत में एलुमिनियम प्रगलक दूसरा सर्वाधिक महत्वपूर्ण धातु शोधन उद्योग है |

(ii) पवन हंस दुर्गम भू भागों में हेलीकॉप्टर सेवाएँ उपलब्ध कराता है |

(iii) लोकतान्त्रिक शासन में पारदर्शिता नहीं होती |

(iv) स्पिनिंग जैनी मशीन जेम्स हरग्रीट्ज़ ने बनाई थी |

(v) 1840 के दशक में आयरलैंड में गेहूँ की फ़सल ख़राब होने से लाखों लोग भूखमरी की कगार पर आ गए |

(vi) 1859 में इंग्लैंड इमीग्रेशन एक्ट लाया गया था |

https://www.mpboardonline.com

5) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/ वाक्य में दीजिये –** **(1*6)**

(i) किस उद्योग में बाक्साइट का कच्चे पदार्थ के रूप में प्रयोग किया जाता है |

(ii) आधी से अधिक आबादी किस देश में ग़रीबी में जीवन व्यतीत करती है |

(iii) बी,एम.आई.का पूरा नाम क्या है ?

(iv) रंगभेद क्या है ?

(v) प्राच्य किसे कहते हैं ?

(vi) आंध्रप्रदेश की गुडेम पहाड़ियों में आन्दोलन का नेतृत्व कौन कर रहा था ?

6) समोच्च जुताई क्या है ? (2)

अथवा

चादर अपरदन से आप क्या समझते हैं ?

7) मरुस्थली मृदा की दो विशेषताएं लिखिए | (2)

अथवा

एजेंडा 21 क्या है?

8) चाय को उगाने के लिए अनुकूल भौगोलिक परिस्थितियों का विवरण दीजिए| (2)

अथवा

वाणिज्य कृषि की दो विशेषताएं लिखिए |

9) उद्योगों द्वारा पर्यावरण प्रदूषण कैसे फैलता है ? दो कारण लिखिए | (2)

अथवा

आधारभूत उद्योग किसे कहते हैं |

10) अटल टनल की दो विशेषताएं लिखिए| (2)

अथवा

स्वर्णिम चतुर्भुज महा राजमार्ग की दो विशेषताएं लिखिए |

11) भारत में रेल परिवहन के वितरण को प्रभावित करने वाले कोई दो कारकों को लिखिए| (2)

अथवा

डिजिटल भारत कार्यक्रम क्या है?

12) "हायर परचेज" व्यवस्था क्या थी? (2)

अथवा

19वीं सदी तक यूरोप में कौन सी समस्याएं आम रूप से प्रचलन में थी?

13) स्पिनिंग जेनी क्या है ? (2)

अथवा

उन्नीसवीं सदी के प्रारंभ में भारतीय बुनकरों की दो समस्याएं लिखिए|

https://www.mpboardonline.com

14) त्रिपीटका कोरियाना क्या है ? (2)

अथवा

प्लाटेन का क्या उपयोग था?

15) कितागाबा उतामारो क्यों प्रसिद्ध है? (2)

अथवा

मुद्रण क्रांति के दो प्रभावों के बारे में बताइए।

16) असंगठित क्षेत्रक के सामने आने वाली कोई दो कठिनाइयों को लिखिए | (2)

अथवा

द्वितीयक क्षेत्रक को समझाइए |

17) विश्व व्यापार संगठन क्या है? (2)

अथवा

वैश्वीकरण से क्या तात्पर्य है?

18) वनों का वर्गीकरण कीजिए| (3)

अथवा

जैव विविधता मानव जीवन के लिए क्यों महत्वपूर्ण है ?

19) एकात्मक शासन व्यवस्था के तीन दोष बताइए| (3)

अथवा

संघीय शासन व्यवस्था की महत्वपूर्ण विशेषताएं लिखिए |

20) बांग्लादेश के ग्रामीण बैंक के विषय में लिखिए| (3)

अथवा

ऋण के औपचारिक एवं अनौपचारिक स्रोतों में अंतर लिखिए|(कोई तीन)

21) गांधीजी के अनुसार सत्याग्रह के विचार की व्याख्या कीजिए | (4)

अथवा

असहयोग आंदोलन में समाज के विभिन्न वर्गों की हिस्सेदारी के बारे में बताइए |

22) राजनैतिक दलों के सामने क्या चुनौतियां हैं? किन्ही चार का वर्णन कीजिए | (4)

अथवा

राजनैतिक दल अपना काम काज बेहतर ढंग से करे, इसके लिए उन्हें मजबूत बनाने के लिए सुझाव दें |

23) भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए- (4)

(i) सुंदरगढ़ (ii) रानीगंज (iii) नेवेली (iv) डिग्बोई|

अथवा

भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए-

(i) बेंगलुरु (ii) नोएडा (iii) पुणे (iv) इंदौर |

https://www.mpboardonline.com